मनोविज्ञान

(Psychology)
(328)

शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र

(Tutor Marked Assignment)

Max Marks: 20
कुल अंक: 20

टिप्पणी:

(i) सभीप्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, नामांकन संख्या, अध्ययन केंद्र (AI) का नाम और विषय अवश्य लिखें।

Note:

(i) All questions are compulsory. The marks allotted for each question are given beside the questions.

(ii) Write your name, enrolment numbers, Al name, and subject on the first page of the answer sheet

1. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए—2
Answer any one of the following questions about 40-60 words.

a) एक शिक्षक के रूप में, आप देखते हैं कि आपके कक्षा के छात्र अलग-अलग व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। आनुवंशिकता/जीन और पर्यावरण मानव व्यवहार को कैसे प्रभावित करते हैं? साथ ही, व्यवहार को आकार देने वाले प्रमुख समाजीकरणएजेंटों की पहचान कीजिए। (पाठ-2 देखें)
As a teacher, you observe that students in your classroom display different behaviours. Explain how heredity/genes and environment influence human behaviour. Also, identify the major socializing agents that shape behaviour. (See Lesson-2)

b) एक शोधकर्ता के रूप में जो मानव व्यवहार का अध्ययन कर रहा है, मनोवैज्ञानिक जाँच के दौरान पालन किए जाने वाले नैतिक दिशा-निर्देशों को समझाइए। ये दिशा-निर्देश क्यों महत्वपूर्ण हैं? (पाठ-4 देखें)
As a researcher studying human behaviour, explain the ethical guidelines that must be followed while conducting psychological enquiry. Why are these guidelines important? (See Lesson-4)

2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए—2

Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

कल्पना कीजिए कि आप अपने स्कूल में छात्रों के खाने और खेलने के व्यवहार का अवलोकन कर रहे हैं। स्पष्ट कीजिए किजैविक अभिप्रेरणाएँ/ज़रूरतें और मनोवैज्ञानिक-सामाजिकअभिप्रेरणाएँ/ज़रूरतें छात्रों के व्यवहार को कैसे प्रभावितकरती हैं। (पाठ-9देखें)

Imagine you are observing students' eating and playing behaviour in your school. Explain how biological motives/needs and psychological-social motives/needs influence their behaviour. (See Lesson-9)

a) आप अपने समुदाय में वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों से अंतर्क्रिया करते हैं। अनुभवों के आधार पर,जीवन के किसी विशिष्ट चरण के प्रमुख आकर्षणों और चुनौतियों की पहचान कीजिए तथा उन्हें समर्थन देने के उपयुक्त तरीके सुझाइए।(पाठ-15 देखें)

You interact with adults and senior citizens in your community. Based on the experiences, identify the major attractions and challenges at a specific stage of life and suggest suitable ways to support them. (See Lesson-15)

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए—2

Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

a) एक शिक्षक के रूप में, आप अपनी कक्षा के छात्रों में विविधता देखते हैं। मानव विविधता के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए तथा बताइए कि यह छात्रों के व्यवहार और अधिगम (सीखने के तरीके) को किस प्रकार प्रभावित करती है। (पाठ-16 देखें)

As a teacher, you notice diversity among students in your classroom. Explain the factors responsible for human diversity and how it influences behaviour and learning. (See Lesson-16)

b) एक शिक्षक के रूप में, आप यह समझते हैं कि प्रत्येक छात्र अलग-अलग तरीके से सीखता है। अधिगम (सीखने) के विभिन्न तरीकों की पहचान कीजिएतथा समझाइए कि आप अपनी कक्षा में इन अंतरों को किस प्रकार संबोधित करेंगे। (पाठ-7 देखें)

As an educator, you realise that each student learns differently. Identify various ways in which learning can take place and explain how you would address these differences in your classroom. (See Lesson-7)

4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए—4

Answer any one of the following questions in about 100-150 words.

a) एक शिक्षक के रूप में, आप देखते हैं कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वातावरण में छात्रों में सामाजिक और पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार विकसित करना महत्वपूर्ण है। कक्षा में ऐसे व्यवहारों को बढ़ावा देने के तरीके सुझाइए। (पाठ-21 देखें)

As a teacher, you observe that in a highly competitive environment, it is important to develop prosocial and pro-environmental behaviour among students. Suggest ways through which such behaviours can be promoted in the classroom. (See Lesson-21)

b) एक शिक्षक-परामर्शदाता के रूप में, आप विभिन्न जीवन चुनौतियों का सामना कर रहे छात्रों से मिलते हैं। आप उन्हें लचीलापन, संतोष और खुशी विकसित करने में कैसे मदद करेंगे? समझाइए। (पाठ-24 देखें)

As a teacher-counsellor, you come across students facing various life challenges. Explain how you would help them develop resilience, satisfaction, and happiness. (See Lesson-24)

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए— 4
Answer any one of the following questions in about 100-150 words.

(a) एक शिक्षक के रूप में, आप मानव शरीर और व्यवहार के बीच संबंध समझा रहे हैं। किसी अनुभव या उदाहरण का उपयोग करते हुए मस्तिष्क/हार्मोन या ग्रंथियों की भूमिका समझाइए तथा यह भी स्पष्ट कीजिए किवे व्यवहार और भावनाओं को कैसे प्रभावित करते हैं?

(पाठ-2 देखें)

As a teacher, you are explaining the relationship between the human body and behaviour. Using any experience or example explain the role of the brain/hormones or glands, and how they influence behaviour and emotions.
(See Lesson-2)

(b) एक शिक्षक के रूप में, आप कक्षा अधिगम को वास्तविक जीवन की स्थितियों से जोड़ना चाहते हैं। उदाहरण देकर समझाइए कि औपचारिक व्यवस्था में सततअधिगम को दैनिक जीवन में कैसे लागू किया जा सकता है? (पाठ-7 देखें)

As an educator, you aim to connect classroom learning with real-life situations. Using example explain how continuous learning in formal setup can be applied in everyday life, with suitable examples. (See Lesson-7)

6. निम्नलिखित परियोजनाओं में से किसी एक को लगभग 500 शब्दों में तैयार कीजिए— 6
Prepare any one of the following project in about 500 words.

a) अपने आस-पास अलग-अलग आयु वर्गों (बचपन, किशोरावस्था, वयस्कावस्था और वृद्धावस्था) के व्यक्तियों का अवलोकन एवं अध्ययन कीजिए। मानव वृद्धि और विकास

को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की पहचान कीजिए तथा उपयुक्त उदाहरणों के साथ एक परियोजना रिपोर्ट तैयार कीजिए। (पाठ-12 देखें)

Conduct an observation and study of individuals belonging to different age groups (childhood, adolescence, adulthood, and old age) in your surroundings. Identify the major factors influencing human growth and development and prepare a project report with suitable examples. (See Lesson-12)

b) अपने परिवार, कार्यस्थल या समुदाय में लोगों में तनाव के सामान्य कारणों का अध्ययन कीजिए। व्यक्तियों के जीवन पर पड़ने वाले तनाव केप्रभाव का विश्लेषण कीजिए तथा उपयुक्त उदाहरणों के साथ तनाव कम करने की रणनीतियाँ सुझाइए। (पाठ-22 देखें)

Study the common causes of stress among people in your family, workplace, or community. Analyse the impact of stress on individuals' lives and suggest suitable strategies to reduce stress with suitable examples. (See Lesson-22)